भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

02.02.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 140 का उत्तर

ट्रेन परिचालन पर शीत लहर का प्रभाव

140. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान भारतीय रेल पर शीत लहर के प्रभाव की वस्तुस्थिति वर्ष-वार क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षो के दौरान उत्तर भारत में शीतलहर से ट्रेनों के संचालन की गति को अवरूद्ध होने से बचाने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ग) शीत लहर के प्रभाव को कम करने के लिए कितनी रेलगाड़ियों में किस-किस प्रकार के उपकरण लगाए गए हैं और उन उपकरणों पर खर्च की गई राशि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) शीत लहर के कारण विलंबित रेलगाड़ियों में यात्रियों को भोजन सहित क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): कोहरे के मौसम के दौरान, दृश्यता कम होने के कारण रेलगाड़ी का सामान्य परिचालन प्रभावित होता है। लोको पायलटों को सहायता करने के लिए, ओएचई (सिरोपरि उपस्कर) मास्ट पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव सिग्मा बोर्ड और जीपीएस आधारित फॉग सेफ डिवाइस मुहैया कराए गए हैं। रेलगाड़ियों के विलंब से चलने की स्थिति में, यात्रियों को पर्याप्त खानपान सेवाएं मुहैया कराई जाती हैं।

*****